इस लिये $$\text{च}_{\text{न}+१} = \frac{\text{य}}{२\text{न}\text{अ}^2(\text{य}^2+\text{अ}^2)^{\text{न}}} + \frac{(२\text{न}-१)}{२\text{न}\text{अ}^2}\text{च}_{\text{न}} = \frac{\text{य}\text{त}^{\text{न}}}{२\text{न}\text{अ}^2} + \frac{(२\text{न}-१)}{२\text{न}\text{अ}^2}\text{च}_{\text{न}}$$

इसमें न के स्थान में न−१ का उत्थापन देने से

$$\text{च}_{\text{न}} = \frac{\text{य}\text{त}^{\text{न}-१}}{\text{अ}^2(२\text{न}-२)} + \frac{२\text{न}-३}{\text{अ}^2(२\text{न}-२)}\text{च}_{\text{न}-१} \quad \cdots (१)$$

यही (१) समीकरण १८वें प्रक्रम के (१) उदाहरण के (अ) सिद्धान्त में भी सिद्ध हुआ है ।

देखो यहाँ $\text{च}_{\text{न}}$ का मान $\text{च}_{\text{न}-१}$ के अधीन है और $\text{च}_{\text{न}-१}$ का मान (१) इसी में न के स्थान में न−१ का उत्थापन देने से

$\frac{यत^{न-२}}{अ^{2}(२न-४)} + \frac{२न-५}{अ^{2}(२न-४)} च_{न-२}$ यह होगा ।

इसी प्रकार

$$च_{न-२} = \frac{यत^{न-३}}{अ^{2}(२न-६)} + \frac{२न-७}{अ^{2}(२न-६)} च_{न-३}$$

$$\vdots \qquad\qquad \vdots$$

$$च_{१} = \frac{१}{अ} स्प^{-१} \frac{य}{अ}$$

यहाँ जिस प्रकार से $च_{न}$, $च_{न-१}$, $च_{न-२}$, · · · · इत्यादि के मान सिद्ध हुए हैं इसे लघूकरण सिद्धान्त कहते हैं। इसके बल से अनेक चल का ज्ञान हो जाता है। इसके अनेक भेद हैं थोड़ा सा यहां प्रकाश किया जायगा। परन्तु इतना स्मरण रखना चाहिये कि लघूकरण सिद्धान्त से अन्त का चल नहीं सिद्ध होता है उस के लिये पिछले अध्यायों की क्रिया करनी पड़ेगी। जैसे इसी प्रक्रम के (१) समीकरण में यदि न के स्थान में १ का उत्थापन दो तो

$च_{१} = \frac{यत^{१-१}}{अ^{2}(२-२)} + \frac{२-३}{अ^{2}(२-२)} च_{०} = \infty$ । इस से देखो $च_{१}$ का मान अनन्त सिद्ध होता है परन्तु पूर्व कल्पना से $च_{१} = \int \frac{ताय}{य^{2}+अ^{2}}$ और यह प्रथमाध्याय से $\frac{१}{अ} स्प^{-१} \frac{य}{अ}$ इस के तुल्य है।

इस लिये $च_{१} = \frac{१}{अ} स्प^{-१} \frac{य}{अ}$ इस का उत्थापन देने से

$$च_{२} = \frac{तय}{२अ^{2}} + \frac{१}{२अ^{3}} स्प^{-१} \frac{य}{अ}$$

$$च_{३} = \frac{त^{2}य}{४अ^{2}} + \frac{३तय}{२\cdot४अ^{4}} + \frac{३}{२\cdot४अ^{5}} स्प^{-१} \frac{य}{अ}$$

$$च_{४} = \frac{त^{3}य}{६अ^{2}} + \frac{५त^{2}य}{४\cdot६अ^{4}} + \frac{५\cdot३तय}{२\cdot४\cdot६अ^{6}} + \frac{५\cdot३}{२\cdot४\cdot६अ^{7}} स्प^{-१} \frac{य}{अ}$$

इत्यादि सिद्ध होते चले जायँगे।

३० । यदि $च_{म,न} = \int \frac{य^{म}ताय}{(अ^{2}+य^{2})^{न}}$ तो खण्डचलानयन से

$$\text{च}_{\text{म},\text{न}} = \int \text{य}^{\text{म}-१} \frac{\text{यताय}}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}}} = \int \text{य}^{\text{म}-१}\text{ता}\left\{ -\frac{१}{२\text{न}-२}\cdot\frac{१}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}-१}} \right\}$$

$$= -\frac{१}{२\text{न}-२}\cdot\frac{\text{य}^{\text{म}-१}}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}-१}} + \frac{\text{म}-१}{२\text{न}-२}\cdot\int\frac{\text{य}^{\text{म}-२}\text{ताय}}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}-१}}$$

$$= -\frac{१}{२\text{न}-२}\cdot\frac{\text{य}^{\text{म}-१}}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}-१}} + \frac{\text{म}-१}{२\text{न}-२}\,\text{च}_{\text{म}-२,\text{न}-१}$$

इस सिद्धान्त से वार वार क्रिया करने से $\text{च}_{\text{म}-२,\text{न}-१}$ । $\text{च}_{\text{म}-४,\text{न}-२}$ । $\text{च}_{\text{म}-६,\text{न}-३}$ इत्यादि का मान जान सकते हो । अन्त में म और न के वश से $\int\frac{\text{यताय}}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}}}$ ।

इस रूप का चल जानना पड़ेगा यदि म विषम और न से इतना छोटा हो कि म—२इ = १ और न—इ > १ । अथवा यदि न से म ऐसा बड़ा हो जहाँ वार वार क्रिया करने से अन्त में न—इ = १, म—२इ > १ तो अन्त के चल का रूप $\int\frac{\text{य}^{\text{न}}\text{ताय}}{\text{अ}^२+\text{य}^२}$ ऐसा होगा । इस लिये $\int\frac{\text{यताय}}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}}}$

$$= \tfrac{१}{२}\int २\,\text{य ताय}\,(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{-\text{न}}$$

$$= -\frac{१}{२\text{न}-२}\cdot\frac{१}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}-१}}$$ यह पहली स्थिति में अन्त के चल का मान होगा । जहाँ न कोई अभिन्न संख्या है । और दूसरी स्थिति के चल का मान साधारण भाग की रीति से $\int\frac{\text{य}^{\text{न}}\text{ताय}}{\text{अ}^२+\text{य}^२}$ इस का $\int \text{फ}(\text{य})$ $+\int\frac{\text{कताय}}{\text{अ}^२+\text{य}^२}$ ऐसा रूप बनाकर जहाँ $\text{फ}(\text{य}) = \{\text{ग}_{\text{त}}\text{य}^{\text{त}} + \text{ग}_{\text{त}-२}\text{य}^{\text{त}-२} + \cdots \text{ग}_०\}$ ७वें प्रक्रम से सहज में जान सकते हो ।

कभी म के सम होने पर $\int\frac{\text{ताय}}{(\text{अ}^२+\text{य}^२)^{\text{न}}}$ ऐसा रूप भी अन्त में रहेगा जिस का चल २९वें प्रक्रम से व्यक्त हो जायगा । जैसे

यहाँ भी यदि $\frac{१}{\text{अ}^२+\text{य}^२} = \text{त}$ तो

$\int \text{य}^७\text{त}^{१०}\text{ताय}$, इस का मान $\int \text{य}^५\text{त}^९\text{ताय}$, $\int \text{य}^३\text{त}^८\text{ताय}$, $\int \text{यत}^७\text{ताय}$ इसके

$\int \text{य}^{१४}\text{त}^५\text{ताय}$, इस का मान $\int \text{य}^{१२}\text{त}^४\text{ताय}$, $\int \text{य}^{१०}\text{त}^३\text{ताय}$, $\int \text{य}^८\text{त}^२\text{ताय}$, $\int \text{य}^६\text{त ताय}$ इस के

और $\int$ य^{८}त^{६}ताय इस का मान, $\int$ य^{६}त^{५}ताय, $\int$ य^{४}त^{४}ताय, $\int$ य^{२}त^{३}ताय, $\int$ त^{२} ताय इनके अधीन हैं

३१ । कल्पना करो कि त $=$ आय^{अ} $+$ काय^{क} और $च_{म,न} = \int य^{म}त^{न}ताय$

तो $य^{म}त^{न} = य^{म}\ (आय^{अ} + काय^{क})\ त^{न-१} = आय^{म+अ}त^{न-१} + काय^{म+क}त^{न-१}$ चलज्ञान करने से

$$च_{म,न} = आच_{म+अ,न-१} + काच_{म+क,न-१} \quad \cdots\cdots\cdots \quad (१)$$

परन्तु खण्डचलानयन से $\int य^{म}त^{न}ताय = \frac{य^{म+१}त^{न}}{म+१} - \frac{१}{म+१}\int य^{म+१}ता(त^{न})$

$$= \frac{य^{म+१}त^{न}}{म+१} - \int \frac{य^{म+१}}{म+१} नत^{न-१}\ (आअय^{अ-१} + काकय^{क-१})ताय$$

$$= \frac{य^{म+१}त^{न}}{म+१} - \frac{नअ}{म+१} आय^{म+१}\ त^{न-१}ताय - \frac{नक}{म+१}\int का\ य^{म+क}त^{न-१}ताय$$

$$= \frac{य^{म+१}त^{न}}{म+१} - \frac{नअ}{म+१} आच_{म+अ,न-१} - \frac{नक}{म+१} काच_{म+क,न-१} \cdots\cdots \quad (२)$$

(१) और (२) से $काच_{म+क,न-१}$ को उड़ा देने से

$$च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{म+नक+१} + \frac{नक-नअ}{म+नक+१} आच_{म+अ,न-१} \cdots\cdots (३)$$

यह एक लघूकरण सिद्धान्त हुआ यदि न धन संख्या हो तो ।

जैसे $\int य^{१०}त^{\frac{७}{२}}ताय$ इस का मान जानना हो तो यहाँ इसी सिद्धान्त से तीन बार क्रिया करने से $\int य^{१०+अ}त^{\frac{५}{२}}ताय$, $\int य^{१०+२अ}त^{\frac{३}{२}}ताय$ इन का मान व्यक्त हो जायगा अन्त में $\int य^{१०+३अ}त^{\frac{१}{२}}ताय$ यह रह जायगा ।

यदि न का मान ऋण हो तो पहले (३) से छेदगम कर, समशोधनादि से $च_{म+अ,न-१} = -\frac{य^{म+१}त^{न}}{(क-अ)नआ} + \frac{म+नक+१}{(क-अ)नआ} च_{म,न}$ ऐसा समीकरण बना कर इस में म के स्थान में म—अ का और न के स्थान में —(न-१) का उत्थापन देने से

$$च_{म,-न} = \frac{य^{म-अ+१}त^{-(न-१)}}{(क-अ)(न-१)आ} - \frac{म-अ-(न-१)क+१}{(क-अ)(न-१)आ} च_{म-अ-(न-१)} \cdots\cdots (४)$$

इस पर से $\int$ य^{५}त$^{-\frac{९}{२}}$ इसके मान में $\int$ य$^{५-अ}$त$^{-\frac{७}{२}}$ ताय यह और इस में $\int$ य$^{५-२अ}$त$^{-\frac{५}{२}}$ताय इत्यादि आवेंगे अन्त में $\int$ य$^{५-४अ}$त$^{-\frac{१}{२}}$ ताय यह आवेगा ।

इसी तरह (१) और (२) से यदि च$_{म,न}$को उड़ावो तो

$$य^{म+१}त^{न} = (म + नअ + १)आच_{म+अ,न-१} + (म + नक + १)काच_{म+क,न-१} \cdots (५)$$

इस में न के स्थान में न + १ का और म के स्थान में म−अ का उत्थापन देने से $च_{म,न} = \frac{य^{म-अ+१}त^{न+१}}{(म + नअ + १)आ} - \frac{म + (न + १)क - अ + १}{(म + नअ + १)आ}काच_{म-अ+क,न} \cdots (६)$

यह य के उत्तरोत्तर लघुघात के रूप में च$_{म,न}$का रूप ले आता है यदि अ > क हो तो ।

३२ । कल्पना करो कि त = अ + कय + गय^{२} तो $\int$ य^{म}त^{न}ताय = च$_{म,न}$इस का मान जानने के लिये ३१वें प्रक्रम की युक्ति से त^{न} = (अ + कय + गय^{२})त$^{न-१}$ ऐसा मान और य^{म} से गुण कर चलानयन करने से

$च_{म,न} = अच_{म,न-१} + कच_{म+१,न-१} + गच_{म+२,न-१}$ ऐसा होगा ।

$$इस\ लिये\ \frac{२न}{म + १}च_{म,न} = \frac{२न}{म + १}(अच_{म,न-१} + कच_{म+१,न-१})$$

$$+ \frac{२नग}{म + १}च_{म+२,न-१} \cdots\cdots\cdots\cdots (१)$$

और खण्डचलानयन से

$$च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{म + १} - \frac{नक}{म + १}च_{म+१,न-१} - \frac{२नग}{म + १}च_{म+२,न-१} \cdots (२)$$

(१) और (२) को जोड़ देने से

$$\frac{म + २न + १}{म + १}च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{म + १} + \frac{२नअ}{म + १}च_{म,न-१} + \frac{नक}{म + १}च_{म+१,न-१}$$

$$इस\ लिये\ च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{२न + म + १} + \frac{२नअ}{२न + म + १}च_{म,न-१}$$

$$+ \frac{नक}{२न + म + १}च_{म+१,न-१} \cdots\cdots (३)$$

इसी प्रकार (१) और (२) से

$$य^{म+१}त^{न} = (म+१)अच_{म,न-१} + (म+न+१)कच_{म+१,न-१}$$
$$+ (म+२न+१)गच_{म+२,न-१} \cdots\cdots (४)$$

(४) में म के स्थान में म—२ का और न के स्थान में न + १ का उत्थापन देने से और समशोधनादि से

$$च_{म,न} = \frac{य^{म-१}त^{न+१}}{ग(म+२न+१)} - \frac{(म+न)}{ग(म+२न+१)} च_{म-१,न} - \frac{अ(म-१)}{ग(म+२न+१)} च_{म-२,न} \cdot (५)$$

यह एक लघूकरण सिद्धान्त $च_{म,न}$ का मान जानने के लिये य के उत्तरोत्तर घात ह्रास में उत्पन्न हुआ ।

(४) में म के स्थान में—म का और न के स्थान में न + १ का उत्थापन देने से

$$च_{-म,न} = - \frac{त^{न+१}}{अ(म-१)य^{म-१}} - \frac{क(म-न-२)}{अ(म-१)} च_{-(म-१),न}$$
$$- \frac{ग(म-२न-३)}{अ(म-१)} च_{-(म-२),न} \cdots\cdots\cdots (६)$$

यह म के ऋण मान में लघूकरणसिद्धान्त उत्पन्न हुआ ।

३३ । ३१वें प्रक्रम में यदि $त = आय^{अ} + कायक$ इस में $क = ०$ तो $त = का + आय^{अ}$ ऐसा हुआ और (१), (२) इत्यादि समीकरण में क के स्थान में शून्य का उत्थापन देने से

$$च_{म,न} = आच_{म+अ,न-१} + काच_{म,न-१} \cdots\cdots\cdots (१)$$

$$च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{म+१} - \frac{नअआ}{म+१} च_{म+अ,न-१} \cdots\cdots\cdots (२)$$

$$च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{म+१} - \frac{नअआ}{म+१} च_{म+अ,न-१} \cdots\cdots\cdots (३)$$

$$\left.\begin{aligned} च_{म,-न} &= - \frac{य^{म-अ+१}त^{-(न-१)}}{अआ(न-१)} + \frac{म-अ+१}{अआ(न-१)} च_{म-अ,-(न-१)} \\ च_{म,न} &= + \frac{य^{म-अ+१}त^{न+१}}{अआ(न+१)} - \frac{म-अ+१}{अआ(न+१)} च_{म-अ,न+१} \end{aligned}\right\} \cdots (४)$$

यदि न = —न

$$य^{म+१}त^{न} = (म+नअ+१)आच_{म+अ,न-१} + (म+१)काच_{म,न-१} \cdots\cdots (५)$$

$$च_{म,न} = \frac{य^{म-अ+१}त^{न+१}}{आ(म+नअ+१)} - \frac{म-अ+१}{आ(म+नअ+१)} काच_{म-अ,न} \quad \cdots\cdots (६)$$

ऐसे ६ समीकरण उत्पन्न होते हैं इन पर से अनेक चलज्ञान सहज में हो जाते हैं। वे छवो समीकरण यदि वास्तव में विचारो तो ३१वें प्रक्रम के उदाहरण रूप हैं। इन पर से टाड्हन्टर (Todhunter) साहब ने चलराशिकलन के ३०वें प्रक्रम में जो क्रिया की है वह भी उत्पन्न हो जाती है।

यहां (२) से

$$च_{म+अ,न-१} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{नअआ} - \frac{म+१}{नअआ} च_{म,न}$$ इसका उत्थापन (१) में देने से

$$च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{नअ} - \frac{म+१}{नअ} च_{म,न} + काच_{म,न-१},$$

$$\text{इस लिये } च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न}}{म+नअ+१} + \frac{कानअ}{म+नअ+१} च_{म,न-१} \quad \cdots\cdots (७)$$

यहां न के स्थान में न + १ का उत्थापन देकर समशोधनादि से

$$च_{म,न} = \frac{य^{म+१}त^{न+१}}{काअ(न+१)} + \frac{म+अन+अ+१}{काअ(न+१)} च_{म,न+१} \quad \cdots\cdots (८)$$

इस तरह से अनेक सिद्धान्त बना सकते हो।

३४। इस प्रक्रम में पूर्व समीकरणों की व्याप्ति दिखलाने के लिये कुछ उदाहरण दिखलाते हैं।

(१) $य^{म}(ग^{२}-य^{२})^{-\frac{१}{२}}$ ताय इसका चल क्या है।

यहां यदि $का = ग^{२}$, $आ = -१$, $अ = २$, $न = -\frac{१}{२}$ कल्पना करो तो ३३वें प्रक्रम के (६)वें समीकरण से

$$च_{म,न} = \frac{य^{म-अ+१}त^{न+१}}{आ(म+नअ+१)} - \frac{म-अ+१}{आ(म+नअ+१)} काच_{म-अ,न}$$

$$= \frac{य^{म-२+१}(ग^{२}-य^{२})^{-\frac{१}{२}+१}}{-१(म+२\times-\frac{१}{२}+१)} - \frac{म-२+१}{-१(म+२\times\frac{१}{२}+१)} ग^{२} \int य^{म-२}(ग^{२}-य^{२})^{-\frac{१}{२}} ताय$$

$$= -\frac{य^{म-१}\sqrt{ग^{२}-य^{२}}}{म} + \frac{(म-१)ग^{२}}{म} \int य^{म-२}(ग^{२}-य^{२})^{-\frac{१}{२}} ताय, \text{ ऐसा हुआ।}$$

खण्डचलानयन से भी

$$\int य^{म}(ग^{२}-य^{२})^{-\frac{१}{२}} ताय = -\int य^{म-१} ता (ग^{२}-य^{२})^{+\frac{१}{२}}$$

$$= -य^{म-१}\sqrt{ग^२-य^२}+(म-१)\int य^{म-२}\sqrt{ग^२-य^२}ताय$$

$$= -य^{म-१}\sqrt{ग^२-य^२}+(म-१)\int \frac{य^{म-२}(ग^२-य^२)ताय}{\sqrt{ग^२-य^२}}$$

$$= -य^{म-१}\sqrt{ग^२-य^२}$$

$$-(म-१)\int य^म\sqrt{२(ग^२-य^२)}^{\frac{१}{२}} ताय+(म-१)ग^२\int \frac{य^{म-२}}{\sqrt{ग^२-य^२}}ताय$$

इस लिये पक्षान्तरानयन से

$$\int य^म(ग^२-य^२)^{-\frac{१}{२}} = -\frac{य^{म-१}\sqrt{ग^२-य^२}}{म}$$

$$+\frac{(म-१)ग^२}{म}\int य^{म-२}(ग^२-य^२)^{-\frac{१}{२}} ताय$$

इस तरह से वही सिद्ध हुआ जो पहले (६)वें समीकरण से हुआ था भेद इतनाही है कि पहले प्रकार से लाघव और दूसरे से गौरव है।

(२) $\int \frac{ताय}{य^म(अ^२+य^२)^{\frac{१}{२}}}$ इसका मान जानना है।

यहाँ यदि $म=-म$, $न=-\frac{१}{२}$, $आ=अ^२$, $अ=०$, $का=१$, $क=२$ मानो तो ३१वें प्रक्रम के ६वें समीकरण से

$$च_{म,न} = \frac{य^{म-अ+१}त^{न+१}}{(म+नअ+१)आ} - \frac{म+(न+१)क-अ+१}{(म+नअ+१)आ}काच_{म-अ+क,न}$$

$$= \frac{य^{-म+१}त^{-\frac{१}{२}+१}}{(-म+१)अ^२} - \frac{-म+(-\frac{१}{२}+१)२+१}{(-म+१)अ^२}च_{(-म+२,न)}$$

$$= -\frac{\sqrt{त}}{अ^२(म-१)य^{म-१}}+\frac{-म+१+१}{अ^२(म-१)}\int अ^{-म+२}(अ^२+य^२)^{-\frac{१}{२}}ताय$$

$$= -\frac{\sqrt{अ^२+य^२}}{अ^२(म-१)य^{म-१}} - \frac{म-२}{अ^२(म-१)}\int \frac{ताय}{य^{म-२}\sqrt{अ^२+य^२}}$$ यह सिद्ध हुआ।

इसी उदाहरण को खण्डचलानयन से भी कर सकते हो। जैसे

$$\int \frac{ताय}{य^म\sqrt{अ^२+य^२}} = \int \frac{१}{य^{म+१}}ता\sqrt{अ^२+य^२} = \frac{\sqrt{अ^२+य^२}}{य^{म+१}}+(म+१)\frac{\sqrt{अ^२+य^२}}{य^{म+२}}ताय$$

$$= \frac{\sqrt{अ^२+य^२}}{य^{म+१}}+(म+१)\int \frac{अ^२+य^२}{य^{म+२}\sqrt{अ^२+य^२}}ताय$$

समशोधनादि से

$$अ^2(म+१)\int\frac{ताय}{य^{म+२}\sqrt{अ^2+य^2}}=-\frac{\sqrt{अ^2+य^2}}{य^{म+१}}-म\int\frac{ताय}{य^म\sqrt{अ^2+य^2}}$$

म के स्थान में म–२ का उत्थापन देकर $अ^2(म-१)$ का भाग दे देने से

$$\int\frac{ताय}{य^म\sqrt{अ^2+य^2}}=-\frac{\sqrt{अ^2+य^2}}{अ^2(म-१)य^{म-१}}-\frac{म-२}{अ^2(म-१)}\int\frac{ताय}{य^{म-२}\sqrt{अ^2+य^2}}$$

यही पहले भी सिद्ध हुआ था।

(३) $\int\frac{य^म ताय}{\sqrt{(२अय-य^2)}}$ इसका क्या मान है।

यहाँ $\frac{य^म ताय}{\sqrt{२अय-य^2}}=य^{म-\frac{१}{२}}(२अ-य)^{-\frac{१}{२}}$ ताय, इस लिये ३२वें प्रक्रम के (८)वें समीकरण से (यदि का $=$ २अ, आ $=-१$, अ $=१$, क $=०$, म $=$ म$-\frac{१}{२}$, न $=-\frac{१}{२}$)

$$च_{म,न}=-\frac{य^{म+१}त^{न+१}}{काअ(न+१)}+\frac{म+अन+अ+१}{काअ(न+१)}च_{म-\frac{१}{२},न}$$

$$=-\frac{य^{म-\frac{१}{२}+१}त^{-\frac{१}{२}+१}}{२अ(-\frac{१}{२}+१)}+\frac{म-\frac{१}{२}-\frac{१}{२}, +१+१}{२अ(-\frac{१}{२}+१)}च_{म-\frac{१}{२},न+१}$$

$$=-\frac{य^{म+\frac{१}{२}}त^{\frac{१}{२}}}{अ}+\frac{म+१}{अ}च_{म-\frac{१}{२},न+१}$$

$$=-\frac{य^{म+\frac{१}{२}}(२अ-य)^{\frac{१}{२}}}{अ}+\frac{म+१}{अ}\int य^{म-\frac{१}{२}}(२अ-य)^{\frac{१}{२}}ताय$$

$$=-\frac{य^म(२अय-य^2)^{\frac{१}{२}}}{अ}+\frac{म+१}{अ}\int य^{म-१}(२अय-य^2)^{\frac{१}{२}}ताय$$ यह सिद्ध हुआ।

वा ३२वें प्रक्रम के ६वें समीकरण में पूर्वोक्त संख्याओं का उत्थापन देने से

$$च_{म,न}=\int य^{म-\frac{१}{२}}(२अ-य)^{-\frac{१}{२}}ताय$$

$$=-\frac{य^{म-१}\sqrt{(२अय-य^2)}}{म}+\frac{अ(२म-१)}{म}\int\frac{य^{म-१}ताय}{\sqrt{(२अय-य^2)}}$$ ऐसा होगा।

इसे खण्डचलानयन से भी सिद्ध कर सकते हो जैसे

$$\int\frac{य^म ताय}{\sqrt{(२अय-य^2)}}=य^{म-१}\frac{(य-अ+अ)ताय}{\sqrt{(२अय-य^2)}}=\int -य^{म-१}ता\sqrt{(२अय-य^2)}$$

$$+\text{अ}\int\frac{\text{ताय य}^{\text{म}-१}}{\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}}$$

$$=-\text{य}^{\text{म}-१}\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}+(\text{म}-१)\int\text{य}^{\text{म}-२}\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}\text{ताय}$$

$$+\text{अ}\int\frac{\text{तायय}^{\text{म}-१}}{\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}}$$

$$=-\text{य}^{\text{म}-१}\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}+(\text{म}-१)\int\frac{\text{य}^{\text{म}-२}(२\text{अय}-\text{य}^२)\text{ताय}}{\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}}$$

$$+\text{अ}\int\frac{\text{तायय}^{\text{म}-१}}{\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}}$$

$$=-\text{य}^{\text{म}-१}\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}-(\text{म}-१)\int\frac{\text{य}^{\text{म}}\text{ताय}}{\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}}$$

$$+\text{अ}(२\text{म}-१)\frac{\text{तायय}^{\text{म}-१}}{\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}}$$

पक्षान्तरानयन से और म का भाग दे देने से

$$\int\frac{\text{य}^{\text{म}}\text{ताय}}{\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}}=-\frac{\text{य}^{\text{म}-१}\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}}{\text{म}}+\frac{\text{अ}(२\text{म}-१)}{\text{म}}\int\frac{\text{य}^{\text{म}-१}\text{ताय}}{\sqrt{(२\text{अय}-\text{य}^२)}},$$

यही पहले भी सिद्ध हुआ था।

(४) $\int\frac{\text{ताय}}{(\text{य}^२+\text{अ}^२)^{\text{न}}}$ इस का क्या मान होगा।

यहाँ म = ०, न = —न, आ = १, अ = २, का = अ^२, इन का ३३वें प्रक्रम के (८)वें में उत्थापन देने से

$$\text{च}_{\text{म},\text{न}}=\text{च}_{०,-\text{न}}=-\frac{\text{य}^{\text{म}+१}\text{त}^{\text{न}+१}}{\text{काअ}(\text{न}+१)}+\frac{\text{म}+\text{अन}+\text{अ}+१}{\text{काअ}(\text{न}+१)}\text{च}_{\text{म},\text{न}+१}$$

$$=-\frac{\text{य}^{०+१}\text{त}^{-\text{न}+१}}{२\text{अ}^२(-\text{न}+१)}+\frac{०+-२\text{न}+२+१}{२\text{अ}^२(-\text{न}+१)}\text{च}_{०,-\text{न}+१}$$

$$=\frac{१}{(\text{य}^२+\text{अ}^२)^{\text{न}-१}}\cdot\frac{\text{य}}{२\text{अ}^२(\text{न}-१)}+\frac{२\text{न}-३}{२\text{अ}^२(\text{न}-१)}\int\frac{\text{ताय}}{(\text{य}^२+\text{अ}^२)^{\text{न}-१}}$$

देखो १९वें प्रक्रम से भी यही लघूकरण सिद्धान्त उत्पन्न हुआ है।

इस तरह हजारों नये नये सिद्धान्त लघूकरणसिद्धान्तों के बल चलानयन के लिये बना सकते हो।

३५। लघूकरणसिद्धान्त के बल से त्रिकोणमिति सम्बन्धि फलों के चल का भी ज्ञान सहज में हो जाता है जैसे यदि

$\int$ फ(ज्याय, कोज्याय) ताय इस का ज्ञान करना हो तो कल्पना करो कि ज्याय = र $\therefore$ ताय = $\frac{\text{तार}}{\text{कोज्याय}} = \frac{\text{तार}}{\sqrt{१—र^२}}$ क्योंकि कोज्याय = $\sqrt{१—र^२}$ इन का उत्थापन देने से

$$\int \text{फ(ज्याय, कोज्याय)ताय} = \int \text{फ}\left\{ र, \sqrt{(१—र^२)} \right\} \frac{\text{तार}}{\sqrt{(१-र^२)}} \cdot \quad \cdot (१)$$

यहाँ यदि फ(ज्याय, कोज्याय) = ज्या^{द}यकोज्या^{ध}य तो

$$\int \text{फ(ज्याय, कोज्याय) ताय} = \int र^{द}(१—र^२)^{\frac{१}{२}(ध—१)}\text{तार} \cdots\cdots (२)$$

यदि ३३वें प्रक्रम के समीकरणों में का = १, अ = —१, अ = २, म = द, और न = $\frac{१}{२}$ (ध—१) कल्पना करो तो

$$\int र^{द}(१—र^२)^{\frac{१}{२}(ध-१)}\text{तार} = \text{च}_{द,\frac{१}{२}(ध—१)} = \text{च}_{द,ब} \text{ यदि } \tfrac{१}{२}(ध-१) = ब$$

$$\text{च}_{द,ब} = —\text{च}_{द+२,ब-१} + \text{च}_{द,ब-१} \quad \cdots\cdots\cdots\cdots (३)$$

$$\text{च}_{द,ब} = \frac{र^{द+१}त^{ब}}{द+१} + \frac{२ब}{द+१}\text{च}_{द+२,ब-१} \quad \cdots\cdots\cdots\cdots (४)$$

$$\text{च}_{द,-ब} = +\frac{र^{द-१}त^{-(ब-१)}}{ब—१} — \frac{द—१}{ब—१}\text{च}_{द-२,-(ब-१)} \quad \cdots\cdots (५)$$

$$\text{च}_{द,ब} = -\frac{र^{द-१}त^{ब+१}}{२(ब+१)} + \frac{द—१}{(ब+१)}\text{च}_{द-२,ब+१} \quad \cdots\cdots\cdots\cdots (६)$$

$$र^{द+१}त^{ब} = —(द+२ब+१)\,\text{च}_{द+२,ब-१} + (द+१)\,\text{च}_{द,ब-१} \quad \cdots\cdots (७)$$

$$\text{च}_{द,ब} = -\frac{र^{द-१}त^{ब+१}}{द+२ब+१} + \frac{द—१}{द+२ब+१}\text{च}_{द-२,ब} \quad \cdots\cdots\cdots (८)$$

$$\text{च}_{द,ब} = \frac{र^{द+१}त^{ब}}{द+२ब+१} + \frac{२ब}{द+२ब+१}\text{च}_{द,ब-१} \quad \cdots\cdots\cdots\cdots (९)$$

$$\text{च}_{द,ब} = —\frac{र^{द+१}त^{ब+१}}{२(ब+१)} + \frac{द+२ब+२+१}{२(ब+१)}\text{च}_{द,ब+१} \quad \cdots\cdots\cdots (१०)$$

$$\text{च}_{द,ब} = \frac{र^{द+१}त^{ब+१}}{द+१} + \frac{द+२(ब+१)+१}{द+१}\text{च}_{द+२,ब} \quad \cdots\cdots\cdots (११)$$

यदि ३१वें प्रक्रम के ६वें समीकरण में का, क के स्थान में आ, अ के

उत्थापन दो और आ, अ के स्थान में का, क का तो पिछला सिद्धान्त उत्पन्न होगा।

(२) में यदि ध—१ = ० अर्थात् ध = १ मानो तो ब = ० इनका उत्थापन (८)वें में देने से

$$च_{द,०} = \int ज्या^{द}य\ कोज्याय\ ताय = -\frac{ज्या^{द-१}य कोज्या^{२}य}{द+१} + \frac{द-१}{द+१}च_{द-२,०}$$

$$= \frac{ज्या^{द-१}यकोज्या^{२}य}{द+१} + \frac{द-१}{द+१}\int ज्या^{द-२}यकोज्यायताय$$

इसी प्रकार $\int र^{द}(१-र^{२})^{\frac{१}{२}(ध-१)}तार$ इस में र के स्थान में इसका पहला मान ज्याय रखदो तो $\int र^{द}(१-र^{२})^{\frac{१}{२}(ध-१)}तार$

$= \int ज्या^{द}य\cdot कोज्या^{ध-१}य\cdot कोज्यायताय$। अब यहां यदि ध = ० तो $\int ज्या^{द}य\ कोज्या^{ध-१}यकोज्याय\ ताय$

$= \int ज्या^{द}यताय$ ऐसा होगा। इस लिये $\frac{१}{२}(ध-१) = ब = -\frac{१}{२}$ इनका उत्थापन इसी प्रक्रम के (८)वें समीकरण में देने से

$$च_{द,ब} = \frac{र^{द-१}त^{ब+१}}{द+२ब+१} + \frac{द-१}{द+२ब+१}च_{द-२,ब}$$

$$= -\frac{ज्या^{द-१}यकोज्याय}{द} + \frac{द-१}{द}\int ज्या^{द-२}य\ ताय = \int ज्या^{द}य\ ताय।$$

देखो ठीक यही खण्डचलानयन १२वें प्रक्रम के १५वें उदाहरण में भी सिद्ध हुआ है। केवल द के स्थान में न का उत्थापन मात्र देना होगा।

इस तरह पीछे दिखलाये हुए समीकरणों के बल से सैकड़ों लघूकरण सिद्धान्त उत्पन्न हो जाते हैं विद्यार्थियों को चाहिये कि उन का अच्छी तरह से अभ्यास करें।

३६। ३१वें प्रक्रम की युक्ति से यदि $त = आय^{अ} + काय^{क} + गाय^{ग} + \cdots$ और $च_{म,न} = \int य^{म}त^{न}ताय$ तो यहां भी उसी तरह से $च_{म,न}$ का मान जान सकते हो। जैसे

$$त^{न} = (आय^{अ} + काय^{क} + गाय^{ग} + \cdots)\ त^{न-१}$$

इस लिये, $य^{म}त^{न} = (आय^{म+अ} + काय^{म+क} + गाय^{म+ग} + \cdots)त^{न-१}$

$$\int य^{म} त^{न} ताय = आ.\int य^{म+अ} त^{न-१} ताय + का.\int य^{म+क} त^{न-१} ताय + गा.\int य^{म+ग} त^{न-१} ताय + \cdots$$

अर्थात् $च_{म,न} = आच_{म+अ,न-१} + काच_{म+क,न-१} + गाच_{म+ग,न+१} + \cdots (१)$

और खण्डचलानयन से

$$च_{म,न} = \int य^{म} त^{न} ताय = \frac{य^{म+१} त^{न}}{म+१} - \frac{नय^{म+१} त^{न-१}}{म+१}(अआय^{अ-१} + ककाय^{क-१} + गगाय^{ग-१} + \cdots) ताय$$

$$= \frac{य^{म+१} त^{न}}{म+१} - \frac{नअ}{म+१} आच_{म+अ,न-१} - \frac{नक}{म+१} काच_{म+क,न-१} - \frac{नग}{म+१} गाच_{म+ग,न-१} \cdots$$

छेदगम कर पक्षान्तरानयन से

$$य^{म+१} त^{न} = च_{\ ,न}(म+१) + नअआच_{म+अ,न-१} + नककाच_{म+क,न-१} + नगगाच_{म+ग,न-१} + \cdots$$

(१) से $च_{म,न}$ का उत्थापन देने से और $म + नअ + १ = अ'$, $म + नक + १ = क'$, $म + नग + १ = ग'$ इत्यादि कल्पना करने से

$$य^{म-१} त^{न} = अ'आच_{म+अ,न-१} + क'काच_{म+क,न-१} + ग'गाच_{म+ग,न-१} + \cdots \qquad (२)$$

इस तरह अनेक चमत्कार दिखा सकते हो।

३७। लघूकरण सिद्धान्त से दो मानों के भीतर का चलज्ञान बहुत ही सहज में हो जाता है अर्थात् इस से सान्तचल मान बहुत ही सुगम हो जाता है।

जितने पिछले प्रक्रमों में लघूकरण सिद्धान्तों के लिये समीकरणों को दिखाया है सबका मूल यदि ध्यान दे कर देखो तो खण्डचलानयन ही है इसलिये खण्ड-चलानयन को लघूकरण का मूल कह सकते हैं।

दो सीमाओं के भीतर के चलज्ञान के लिये कुछ उदाहरण दिखाते हैं।

(१) $\int (ग^{२} - य^{२})^{\frac{न}{२}} ताय$ इसके मान के लिये खण्डचलानयन से

$$\int (ग^{२} - य^{२})^{\frac{न}{२}} ताय = \frac{य(ग^{२} - य^{२})^{\frac{न}{२}}}{न+१} + \frac{नग^{२}}{न+१} \int (ग^{२} - य^{२})^{\frac{न}{२} - १} ताय,$$ यह एक

लघूकरण सिद्धान्त उत्पन्न हुआ इस में यदि $य = ०$ वा $य = ग$ तो स्पष्ट है कि प्रथम खण्ड शून्य के तुल्य हो जायगा इस लिये

$$\int_0^{ग} (ग^2-य^2)^{\frac{न}{2}} ताय = \frac{नग^2}{न+१}\int_0^{न} (ग^2-य^2)^{\frac{न}{2}-१} ताय$$ यह सिद्ध हुआ।

(२) $\int य^{म-१}(१-य)^{न-१}$ ताय इसके मान के लिये खण्डचलानयन से

$$\int य^{म-१}(१-य)^{न-१}ताय = -\frac{(१-य)^{न}}{न} य^{म-१} + \frac{म-१}{न}\int य^{म-२}(१-य)^{न}ताय$$

ऐसा लघूकरण सिद्धान्त उत्पन्न होता है। यहां यदि $य = ०$ वा १ तो स्पष्ट है कि प्रथम खण्ड शून्य हो जायगा इस लिये

$$\int_0^{१} य^{म-१}(१-य)^{न-१}ताय = \frac{म-१}{म}\int_0^{१} य^{म-२}(१-य)^{न}ताय$$

और $$\int_0^{१} य^{म-२}(१-य)^{न}ताय = \frac{म-२}{न+१}\int_0^{१} य^{म-३}(१-य)^{न+१}ताय$$

इसी तरह $$\int_0^{१} य^{म-३}(१-य)^{न+१}ताय = \frac{म-३}{न+२}\int_0^{१} य^{म-४}(१-य)^{न+२}ताय$$

.

.

$$\int_0^{१} य\ (१-य)^{न+म-३} = \frac{१}{न+म-२}\int_0^{१} (१-य)^{न+म-२}ताय$$

और $$\int (१-य)^{न+म-२}ताय = -\frac{१}{न+म-१}(१-य)^{न+म-१}$$

इस लिये $\int_0^{१} (१-य)^{न+म-२}$ ताय $= \frac{१}{न+म-१}$ इन सब का उत्थापन

देने से $$\int_0^{१} य^{म-१}(१-य)^{न-१}ताय = \frac{(म-१)(म-२)....३.२.१}{न(न+१)(न+२).....(न+म-१)}$$ यह होगा

(३) $\int छे^{४}ष\ ताष = \int (१+स्प^{२}ष)^{२}ताष = \int (१+२स्प^{२}ष+स्प^{४}ष)ताष$

$= \int ताष + २\int स्प^{२}षताष + \int स्प^{४}षताष = ष + २\int स्प^{२}षताष + \int स्प^{४}षताष$।

परन्तु $\int स्प^{२न}षताष = \int स्प^{२न-२}ष(छे^{२}ष-१)ताष$

$= \int स्प^{२न-२}षछे^{२}षताष - \int स्प^{२न-२}षताष$

$= \int स्प^{२न-२}ष\ ता\ स्पष - \int स्प^{२न-२}षताष$

$= \frac{स्प^{२न-१}}{२न-१} - \int स्प^{२न-२}षताष$

$$= \frac{\text{स्प}^{२न-१}}{२न-१} - \frac{\text{स्प}^{२न-३}}{२न-३} + \int \text{स्प}^{२न-४}\text{ताप}$$

$$= \frac{\text{स्प}^{२न-१}}{२न-१} - \frac{\text{स्प}^{२न-३}}{२न-३} + \frac{\text{स्प}^{२न-५}}{२न-५} - \cdots + \cdots - (-१)^{न}\text{स्पप} + (-१)^{न}\text{प}$$

यार वार क्रिया करने से, प्रथमाध्याय का ४६वाँ अभ्यास के लिये जो प्रश्न लिखा है उसे देखो ।

इस पर से $२\int \text{स्प}^{२}\text{पताप} = २\text{स्पप} - २\text{प}$

$$\int \text{स्प}^{४}\text{पताप} = \frac{\text{स्प}^{३}\text{प}}{३} - \frac{\text{स्पप}}{१} + \text{प}$$

इन का उत्थापन देने से

$$\text{छे}^{४}\text{पताप} = \text{प} + २\int \text{स्प}^{२}\text{पताप} + \int \text{स्प}^{४}\text{पताप}$$

$$= \text{प} + २\text{स्पप} - २\text{प} + \frac{\text{स्प}^{३}\text{प}}{३} - \text{स्पप} + \text{प} = \text{स्पप} + \frac{\text{स्प}^{३}\text{प}}{३}$$

इस लिये $\int_{०}^{\frac{\pi}{४}} \text{छे}^{४}\text{पताप} = १ + \frac{१}{३} = \frac{४}{३}$ यह सिद्ध हुआ ।

(४) $$\int \text{य}^{\text{म}}(२\text{अय} - \text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\text{ताय} = -\frac{\text{य}^{\text{म}-१}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{३}{२}}}{\text{म}+२} + \frac{\text{अ}(२\text{म}+१)}{\text{म}+२}\int \text{य}^{\text{म}-१}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\,\text{ताय}$$

ऐसा होगा यदि ३१वें प्रक्रम में (६)वें में आ = —१, अ = २, का = २अ, क = १ और न = $\frac{१}{२}$ मानो । इस लिये यहाँ स्पष्ट है कि यदि य शून्य वा २अ के तुल्य माना जाय तो प्रथम खण्ड शून्य के तुल्य होगा ।

तब $$\int_{०}^{२\text{अ}} \text{य}^{\text{म}}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\text{ताय} = \frac{\text{अ}(२\text{म}+१)}{\text{म}+२}\int_{०}^{२\text{अ}} \text{य}^{\text{म}-१} \int (२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\text{ताय}$$

म के स्थान में म−१ का उत्थापन देने से

$$\int_{०}^{२\text{अ}} \text{य}^{\text{म}-१}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\,\text{ताय} = \frac{\text{अ}(२\text{म}-१)}{\text{म}+१}\int_{०}^{२\text{अ}} \text{य}^{\text{म}-२}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\text{ताय}$$

यों वार वार क्रिया करने से

$$\int_{०}^{२\text{अ}} \text{य}^{\text{म}-(\text{म}-१)}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\text{ताय} = \int_{०}^{२\text{अ}} \text{य}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}$$

$$= अ \int_0^{२अ} (२अय - य^२)^{\frac{१}{२}} ताय$$

परन्तु $\int (२अय-य^२)^{\frac{१}{२}} ताय = \int \{ अ^२ - (अ-य)^२ \}^{\frac{१}{२}} ताय$

$$= - \frac{अ-य}{२} \sqrt{२अय-य^२} - \frac{अ^२}{२} ज्या^{-१} \frac{अ-य}{अ}$$

इस लिये $\int_0^{२अ} (२अय-य^२)^{\frac{१}{२}} ताय = + \frac{अ^२ \pi}{४} + \frac{अ^२\pi}{४} = + \frac{अ^२\pi}{२}$

इन का उत्थापन देने से

$$\int_0^{२अ} य^म (२अ-य^२)^{\frac{१}{२}} ताय = \frac{अ^{म+२} (२म+१)(२म-१)(२म-३)\cdots १}{(म+२)(म+१)म(म-१)(—२)\cdots ३} \frac{\pi}{२}$$

$$= \frac{१.३.५\cdots(२म+१)}{३.४.५\ldots(म+२)} \frac{\pi . अ^{म+२}}{२} \text{ यह सिद्ध हुआ।}$$

(५) $\int_0^{\frac{\pi}{२}} \frac{ताय}{\sqrt{१-ग^२ ज्या^२ य}}$ इसका क्या मान होगा यदि ग<१

यहाँ $\frac{ताय}{\sqrt{(१-ग^२ ज्या^२ य)}} = ताय(१-ग^२ ज्या^२ य)^{-\frac{१}{२}}$ इसलिये द्वियुक्पद-

सिद्धान्त से $\frac{ताय}{\sqrt{(१-ग^२ ज्या^२ य)}}$

$$= ताय(१ + \tfrac{१}{२} ग^२ ज्या^२ य + \frac{१.३}{२.४} ग^४ ज्या^४ य + \frac{१.३.५}{२.४.६} ग^६ ज्या^६ य + \ldots)$$

इसलिये $\int \frac{ताय}{\sqrt{(१-ग^२ ज्या^२ य)}} = य + \frac{ग^२}{२} \int ज्या^२ य + \frac{१.३}{२.४} ग^४ \int ज्या^४ यताय$

$$+ \frac{१.३.५}{२.४.६} ग^६ \int ज्या^६ यताय$$

इस लिये १२ वें प्रक्रम के १५ वें उदाहरण से वा ३५ वें प्रक्रम से

$$\int_0^{\frac{\pi}{२}} \frac{ताय}{\sqrt{(१-ग^२ ज्या^२ य)}} = \frac{\pi}{२} + \frac{ग^२}{२} \int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^२ यताय$$

$$+ \frac{१.३}{२.४} ग^४ \int_0^{\frac{\pi}{२}} ज्या^४ यताय + \cdots$$

$$= \frac{\pi}{२} \left\{ १ + (\tfrac{१}{२})^२ ग^२ + \left[\frac{१.३}{२.४}\right]^२ ग^४ + \left[\frac{१.३.५}{२.४.६}\right]^२ ग^६ + \cdots \right\}$$

यह सिद्ध हुआ । इस प्रकार से विद्यार्थियों को चाहिये कि अनेक प्रश्नों का उत्तर कर पूर्व प्रक्रमों के सिद्धान्तों से अच्छी तरह परिचय करें ।

अभ्यास के लिये प्रश्न ।

सिद्ध करो कि

१ । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{ज्या}^{\text{म}}\text{षकोज्या}^{\text{न}}\text{प}} = \int \frac{\text{ताप}}{\text{ज्या}^{\text{म}-२}\text{पकोज्या}^{\text{न}}\text{प}} + \int \frac{\text{ताप}}{\text{ज्या}^{\text{म}}\text{पकोज्या}^{\text{न}-२}\text{ष}}$

२ । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{कोज्या}^{\text{न}}\text{ष}} = \frac{\text{ज्याष}}{(\text{न}-१)\text{कोज्या}^{\text{न}-१}\text{प}} + \frac{\text{न}-२}{\text{न}-१}\int \frac{\text{ताप}}{\text{कोज्या}^{\text{न}-२}\text{ष}}$

३ । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{ज्या}^{\text{न}}\text{ष}} = \frac{-\text{कोज्याप}}{(\text{न}-१)\text{ज्या}^{\text{न}-१}\text{ष}} + \frac{\text{न}-२}{\text{न}-१}\int \frac{\text{ताष}}{\text{ज्या}^{\text{न}-२}\text{ष}}$

४ । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{ज्याषकोज्या}^{२}\text{ष}} = \frac{१}{\text{कोज्याष}} + \text{ला स्प}\frac{\text{प}}{२}$

५ । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{ज्याषकोज्या}^{४}\text{ष}} = \int \frac{\text{ज्याषताष}}{\text{कोज्या}^{४}\text{ष}} + \int \frac{\text{ताष}}{\text{ज्यापकोज्या}^{२}\text{ष}}$

६ । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{ज्या}^{३}\text{षकोज्या}^{२}\text{ष}} = \frac{१}{३\text{ज्या}^{३}\text{ष}} - \frac{१}{\text{ज्याष}} + \text{ला}\left\{\text{स्प}\left(\frac{\pi}{२} + \frac{\text{प}}{२}\right)\right\}$

७ । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{ज्या}^{३}\text{ष}} = -\frac{\text{कोज्याप}}{२\text{ज्या}^{२}\text{ष}} + \text{ला}\sqrt{\text{स्प}\frac{\text{प}}{२}}$

८ । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{स्प}^{\text{न}}\text{ष}} = -\frac{१}{(\text{न}-१)\text{स्प}^{\text{न}-१}\text{ष}} - \int \frac{\text{ताष}}{\text{स्प}^{\text{न}-२}\text{प}}$

९ । $\int \text{स्प}^{४}\text{षताष} = \frac{\text{स्प}^{३}\text{प}}{३} - \text{स्पष} + \text{प}$

१० । $\int \frac{\text{ताष}}{\text{स्प}^{५}\text{ष}} = -\frac{१}{४\text{स्प}^{४}\text{ष}} + \frac{१}{२\text{स्प}^{२}\text{ष}} + \text{ला}\ (\text{ज्याष})$

११ । $\int \text{ज्या}^{३}\text{षकोज्या}^{३}\text{षताप} = -\frac{१}{४}\,\text{कोज्या}^{४}\text{ष} + \frac{१}{६}\,\text{कोज्या}^{६}\text{ष}$

१२ । $\int \frac{\text{ज्या}^{२}\text{षताष}}{\text{कोज्या}^{३}\text{ष}} = \frac{\text{ज्याष}}{२\text{कोज्या}^{२}\text{प}} + \frac{१}{४}\,\text{ला}\,\frac{१-\text{ज्याष}}{१+\text{ज्याष}}$

१३ । $\int_{0}^{२\text{अ}} \text{य}^{५}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\text{ताय} = \frac{३३\pi\text{अ}^{७}}{१६}$

१४ । $\int_{0}^{२\text{अ}} \text{य}^{३}(२\text{अय}-\text{य}^{२})^{\frac{१}{२}}\text{ताय} = \frac{७\pi\text{अ}^{५}}{८}$

१५। $\int_0^{2अ} य(२अय—य^2)^{\frac{1}{2}} ताय = \frac{\pi अ^3}{2}$

१६। यदि $च_न = \int \frac{ताय}{(अ + ककोज्याय)^न}$ जहाँ न, धन और अभिन्न है तो सिद्ध करो कि

$$(न—१)(अ^2—क^2)च_न = —\frac{कज्याय}{त^{न-१}} + अ(२न—३)च_{न-1} — (न—२)च_{न-२}$$

(यहां त = अ + ककोज्याय)

१७। सिद्ध करो कि यदि

$\int (१ + ककोज्याय)^{-न} ताय = च_न$ तो

$$(न—१)(१—क^2)च_न = — कज्याय(१ + ककोज्याय)^{-न+१} + (२न—३)च_{न-१} — (न—२)च_{न-२}$$

१८। सिद्ध करो कि

$$\int \frac{ताय}{(अ + ककोज्याय)^न} = २\int \frac{(अ—ककोज्या२ष)^{न-१} ताष}{(अ^2—क^2)^{न-\frac{1}{2}}}$$

यदि $स्प\frac{य}{२} = स्पष\sqrt{\frac{अ+क}{अ—क}}$

१९। सिद्ध करो कि यदि न सम हो तो

$$\int कोज्या^न ष ताष = ज्याष \left[\frac{कोज्या^{न-१}}{न} + \frac{न—१}{न(न—२)} कोज्या^{न-३}ष\right] + ज्याष \left[\frac{(न—१)(न—३)}{न(न—२)(न—४)} कोज्या^{न-५}ष + \ldots,\right]$$

$+ \frac{(न—१)(न—३)(न—५) \ldots\ldots १}{न(न—२)(न—४) \ldots\ldots २}$ ष और यदि न विषम हो तो

$$\int कोज्या^न ष ताष = ज्याष \left\{\frac{कोज्या^{न-१}}{न} + \frac{न—१}{न(न—२)} कोज्या^{न-३}ष\right\}$$

$$+ ज्याष \left\{\frac{(न-१)(न-३)}{न(न-२)(न-४)} कोज्या^{न-५}ष + \cdots + \frac{(न-१)(न-३)(न-५)\ldots २}{न(न-२)(न-३)\ldots\ldots ३}\right\}$$

२०। सिद्ध करो कि

$$\int ज्या^2 ष उज्या^म ष ताष = \frac{ज्याष उज्या^{म+१}ष}{म+२} + \frac{ष}{म+२} — \frac{म+१}{म+१} ज्याष$$

$$+\frac{म(म+१)}{\underline{|२}(म+१)}\left\{\frac{ज्याष कोज्याष}{२}+\frac{ष}{२}\right\}$$

$$-\frac{म(म+१)(म-१)}{\underline{|३}(म+२)}\left\{\frac{ज्याषकोज्या^{२}ष}{३}+\frac{२}{३}ज्याष\right\}+\cdots$$

$$+(-१)^{न}\frac{(म+१)(म)\ldots(म-न+२)}{\underline{|न}(म+१)}\int कोज्या^{न}षताष$$

२१। सिद्ध करो कि यदि लाय = ला और $\int\left\{लाय\right\}^{न}य^{म}ताय = च_{न,म}$

$$तो\quad च_{न,म}=ला^{न}\frac{य^{म+१}}{म+१}-\frac{न}{म+१}च_{न-१,म}$$

२२। सिद्ध करो कि

$$\int य^{म}\left\{लाय\right\}^{२}ताय=\frac{य^{म+१}}{म+१}\left\{(लाय)^{२}-\frac{२}{म+१}लाय+\frac{२}{(म+१)^{२}}\right\}$$

२३। सिद्ध करो कि

$$\int\left\{लाय\right\}^{४}य^{७}ताय=\frac{(लाय)^{४}य^{८}}{८}-\frac{४(लाय)^{३}य^{८}}{८^{२}}+\frac{४\cdot३(लाय)^{२}य^{८}}{८^{३}}$$

$$-\frac{४\cdot३\cdot२लायय^{८}}{८^{४}}+\frac{४\cdot३\cdot२य^{८}}{८^{५}}$$

२४। सिद्ध करो कि

$$\int\frac{ज्या^{म}य}{कोज्या^{न}य}ताय=\frac{ज्या^{म-१}य}{(न-१)कोज्या^{न-१}य}-\frac{म-१}{न-१}\int\frac{ज्या^{म-२}य}{कोज्या^{न-२}य}ताय$$

२५। सिद्ध करो कि यदि य = २ष तो

$$\int\frac{ज्या^{म}य}{(१+कोज्याय)^{न}}ताय=२^{म-न+१}\int\frac{ज्या^{म}षताष}{कोज्या^{२न-म}ष}$$

२६। सिद्ध करो कि

$$\int\frac{इ^{मय}}{य^{न}}ताय=-\frac{इ^{मय}}{(न-१)य^{न-१}}+\frac{म}{न-१}\int\frac{इ^{मय}}{य^{न-१}}ताय।$$

२७। सिद्ध करो कि

$$\int\frac{इ^{मय}}{य}ताय=लाय+मय+\frac{म^{२}य^{२}}{२\underline{|२}}+\frac{म^{३}य^{३}}{३\underline{|३}}+\frac{म^{४}य^{४}}{४\underline{|४}}$$

२८। $\int_{0}^{२अ}य\sqrt{(२अय-य^{२})}\,उज्या^{-१}\frac{य}{अ}ताय=अ^{३}\pi^{२}$ इसे सिद्ध करो

२९ । $\int_{०}^{अ} १६\sqrt{अ^{२}—य^{२}}\,कोज्या^{-१}\frac{य}{अ}\,ताय = अ^{२}(४ + \pi^{२})$ इसे सिद्ध करो

३० । सिद्ध करो कि

$$स्प^{२न+१}षताष = \frac{स्प^{२न}ष}{२न} - \frac{स्प^{२न-४}ष}{२न—४} + \frac{स्प^{२न-६}ष}{२न—६} - \frac{स्प^{२न-८}ष}{२न—८}$$

$$+ \cdots\cdots + (—१)^{न+१}ला\{कोज्याष\}$$

३१ । सिद्ध करो कि

$$\int_{०}^{\frac{\pi}{४}} स्प^{५}ष\,ताष = \frac{१}{२}\left\{ला\,(२)—\frac{७}{१२}\right\}$$

३२ । सिद्ध करो कि

$$\int \frac{ज्या^{२}यताय}{१ + गकोज्याय} = \frac{कोज्या^{२}य}{२ग} - \frac{कोज्याय}{ग^{२}} — \frac{ग^{२}—१}{ग^{३}}ला(१ + गकोज्याय)$$

३३ । सिद्ध करो कि

$$\int_{०}^{१} य^{म}\left\{लाय\right\}^{२} ताय = \frac{२}{(म + १)^{३}}$$

३४ । सिद्ध करो कि

$$\int_{०}^{\frac{\pi}{२}} \frac{२ग^{३}ज्या^{२}य\,ताय}{१ + गकोज्याय} = (ग^{२}—१)\,ला\,(१ + ग)^{२} + ग\,(२—ग)$$

३५ । सिद्ध करो कि

$$\int(न + १)\,(अ^{२} + य^{२})^{\frac{न}{२}}ताय = य(अ^{२} + य^{२})^{\frac{न}{२}} + नअ^{२}\int(अ^{२} + य^{२})^{\frac{न}{२}-१}ताय$$

३६ । एक लड़का गङ्गाजी के किनारे अ विन्दु पर खड़ा था । उसने ठीक अपने सामने एक मनोहर फूल को जो कि धारा में बहता हुआ चला जाता था देख कर अपने स्थान से गङ्गा में कूद तैर कर फूल लेने के लिये चला । प्रतिक्षण में फूल के बहने के प्रमाण को फूल और अ विन्दु के अन्तर वर्ग से गुणने से जो गुणनफल हो उतना प्रतिक्षण में लड़के के तैरने का प्रमाण है तो बताओ कि जिस समय अ विन्दु के सामने से धारा में वह फूल ९ हाथ बह गया उस समय अ विन्दु से लड़का कितना तैर कर गया होगा । इस प्रश्न में इतना हम जानते हैं कि अ विन्दु से धारा का अन्तर १५ हाथ है । उ० २२६८

इति तृतीयाध्याय ।

चतुर्थाध्याय।

प्रकीर्णक।

३८। कल्पना करो कि

(१) $फ(य) = य$ तो

$फ(अ) = अ,\ फ(अ + च) = अ + च,\ फ(अ + २च) = अ + २च + \ldots\ldots$

इस लिये

$च\, फ(अ) + च\, फ(अ + च) + च\, फ(अ + २च) + \ldots\ च\, फ(अ + न\, च)$

$= च \{ अ + (अ + च) + (अ + २\, च) + \ldots (अ + न\, च) \}$

$= च \{ अ(न + १) + च(१ + २ + ३ \ldots न) \} = च \{ अ(न + १) + \frac{चन}{२} (न + १) \}$

$= च(न + १)(\frac{२अ + नच}{२}) = (अ + अ + नच)\frac{च(न + १)}{२} = \frac{च(न + १)}{२}(अ + क) \quad \ldots .(१)$

यदि $अ + न\, च = क$ परन्तु यदि $अ + नच = क$ तो $च = \frac{क - अ}{न}$ इस का

उत्थापन देने से (१) का

मान $= \frac{क - अ}{२} (१ + \frac{१}{न}) (अ + क)$ इस में यदि $च = ०$ वा $न = \frac{१}{०}$ तो

इस का मान $= \frac{क^२ - अ^२}{२}$ यह सिद्ध हुआ।

परन्तु जब $फ(य) = य \therefore \int फ(य) ताय = \int य ताय = \frac{य^२}{२}$

इस लिये $\int_{अ}^{क} फ(य) ताय = \frac{क^२ - अ^२}{२}$ (२) प्रक्रम देखो

(२) $फ(य) = य^२$ तो

$च\, फ(अ) + च\, फ(अ + च) + चफ(अ + २च) + \cdots चफ(अ + नच)$

$= च\, अ^२ + च\, (अ + च)^२ + \cdots च\, (अ + नच)^२$

$= च\ \{ अ^२ + (अ^२ + २\, अच + च^२) + \cdots (अ^२ + २अनच + न^२च^२) \}$

$= च \{ अ^२(न + १) + २अच(१ + २ + ३ + \cdot \cdot न) + च^२ (१^२ + २^२ + ३^२ + \cdot \cdot + न^२) \}$

$= च \left\{ अ^२(न + १) + अचन\, (न + १) + \frac{च^२न(न + १)}{२} \cdot \frac{(२न + १)}{३} \right\}$

$= च\, (न + १) \left\{ अ^२ + अचन + च^२न\, \frac{२न + १}{६} \right\}$

$= (क - अ)\, (१ + \frac{१}{न}) \{ अ^२ + कअ - अ^२ + (क - अ)\, (\frac{क - अ}{न})\, (\frac{२न + १}{६}) \}$

$= (क - अ)\, (१ + \frac{१}{न}) \{ कअ + (क + अ)^२(\frac{१}{३} + \frac{१}{६न}) \}$

$$= (\text{क}-\text{अ}) \left\{ \text{कअ} + \frac{(\text{क}-\text{अ})^2}{३} \right\} = (\text{क}-\text{अ}) \left[\frac{\text{क}^2 + \text{कअ} + \text{अ}^2}{३} \right] = \frac{\text{क}^3 - \text{अ}^3}{३}$$

परन्तु $\text{फ}(\text{य}) = \text{य}^2 \; \therefore \int \text{फ}(\text{य}) \text{ताय} = \int \text{य}^2 \text{ताय} = \frac{\text{य}^3}{३}$

इस लिये $\int_{\text{अ}}^{\text{क}} \text{फ}(\text{य})\, \text{ताय} = \frac{\text{क}^3 - \text{अ}^3}{३}$, इस तरह से (२) प्रक्रम की परिभाषा से स्वतन्त्रराशि के दो मानों के भीतर का चलानयन बीजगणित की युक्ति से श्रेढ़ियों के योग पर से कर सकते हैं। परन्तु जहाँ श्रेढ़ियों के योग करने की रीति नहीं जानी जाती वहाँ इस रीति से सान्तचल का मान जानना कठिन है।

जैसे यदि $\text{फ}(\text{य}) = \text{लाय}$ तो

$$\text{च}\,\text{फ}(\text{अ}) + \text{चफ}(\text{अ}+\text{च}) + \text{चफ}(\text{अ}+२\text{च}) + \text{चफ}(\text{अ}+३\text{च}) + \cdots$$
$$+ \text{चफ}\{\text{अ}+\text{च}(\text{न}-१)\} = \text{च}[\text{ला}(\text{अ}) + \text{ला}(\text{अ}+\text{च}) + \text{ला}(\text{अ}+२\text{च})$$
$$+ \text{ला}(\text{अ}+३\text{च}) + \cdots + \text{ला}\{\text{अ}+\text{च}(\text{न}-१)\}]$$

यहां हम लोग अब लाचार हैं कि कैसे इस श्रेढी का योग करें परन्तु जब (२) प्रक्रम से स्पष्ट है कि इस श्रेढी का योग अवश्य

$\int_{\text{अ}}^{\text{क}} \text{फ}(\text{य})\text{ताय} = \int_{\text{अ}}^{\text{क}} \text{ला}\,(\text{य})\;\text{ताय}$ यह होगा। इसलिये ऐसे ऐसे स्थानों में सान्तचलानयन से श्रेढी के योग का पता लग सकता है।

जैसे इसी स्थान में जब प्रसिद्ध है कि $\int \text{लायताय} = \text{य}\;\text{लाय} - \text{य}$ तब

$\int_{\text{अ}}^{\text{क}} \text{लायताय} = \text{ला}\left[\frac{\text{क}^{\text{क}}}{\text{अ}^{\text{अ}}}\right] - (\text{क}-\text{अ})$ यही ऊपर के श्रेढ़ी का योग होगा।

३९। इस प्रक्रम में ऊपर के प्रक्रम को अच्छी तरह से समझने के लिये कुछ उदाहरण दिखाते हैं।

(१) $\frac{१}{\sqrt{१-\text{य}^2}} = \text{फ}(\text{य})$ इस में श्रेढी के योग पर से $\int_0^1 \frac{\text{ताय}}{\sqrt{१-\text{य}^2}}$

इसका मान जानना है यहाँ, $\text{चफ}(०) + \text{चफ}(\text{च}) + \text{चफ}(२\text{च}) + \text{चफ}(३\text{च}) + \cdots + \text{चफ}(१)$

$$= \left[\frac{\text{च}}{१} + \frac{\text{च}}{\sqrt{१-\text{च}^2}} + \frac{\text{च}}{\sqrt{१-४\text{च}^2}} + \frac{\text{च}}{\sqrt{१-९\text{च}^2}} + \cdots + \frac{\text{च}}{\sqrt{१-१^2}}\right]$$

$$= \frac{१}{\frac{१}{च}} + \frac{१}{\sqrt{\frac{१}{च^२}-१}} + \frac{१}{\sqrt{\frac{१}{च^२}-४}} + \frac{१}{\sqrt{\frac{१}{च^२}-९}} + \cdots$$

$$\frac{१}{न} + \frac{१}{\sqrt{न^२—१}} + \frac{१}{\sqrt{न^२—४}} + \frac{१}{\sqrt{न^२—९}} + \cdots$$ क्योंकि यहाँ

नच=१ $\therefore$ च=$\frac{१}{न}$ परंतु चलज्ञान से $\int_०^१ \frac{ताय}{\sqrt{१—य^२}} = \frac{\pi}{२}$

इस लिये यदि न का मान अनन्त हो तो

$$\int_०^१ \frac{ताय}{\sqrt{१—य^२}} = \frac{\pi}{२} = \frac{१}{न} + \frac{१}{\sqrt{न^२—१}} + \frac{१}{\sqrt{न^२—४}} + \frac{१}{\sqrt{न^२—९}} + \cdots$$ यह सिद्ध हुआ

(२) $\int_०^१ \frac{ताय}{१+य^२}$ इसका मान श्रेढ़ी में जानना है ।

(२) प्रक्रम से

$$\int_०^१ \frac{ताय}{१+य^२} = \frac{च}{१} + \frac{च}{१+च^२} + \frac{च}{१+४च^२} + \frac{च}{१+९च^२} + \cdots + \frac{च}{१+१^२}$$

$$= \frac{१}{न}\left\{ १ + \frac{१}{१+(\frac{१}{न})^२} + \frac{१}{१+(\frac{२}{न})^२} + \frac{१}{१+(\frac{३}{न})^२} + \cdots \right\}$$

परन्तु चलानयन के प्रकार से $\int_०^१ \frac{ताय}{१+य^२} = \frac{\pi}{२}$, इस लिये यदि ऊपर की

श्रेढी में न अनन्त हो तो श्रेढ़ी का योग $\frac{\pi}{२}$ होगा ।

(३) च[ज्याअ + ज्या(अ + च) + ज्या(अ + २च) + ⋯ + ज्या { अ + (न—१) च }]

इस में यदि न का मान अनन्त हो तो श्रेढी के योग का मान जानना है ।

यहाँ त्रिकोणमिति की रीति से ऊपर की श्रेढी का योग

$$= \frac{चज्या(अ + \frac{न-१}{२}च)ज्या\frac{नच}{२}}{ज्या\frac{च}{२}} = \frac{चज्या(अ + \frac{क-अ}{२} - \frac{च}{२})ज्या\frac{क-अ}{२}}{ज्या\frac{च}{२}}$$,यदि अ + नच = क

अब यहाँ यदि च = ० तो $\frac{च}{ज्या\frac{च}{२}} = २ \frac{\frac{च}{२}}{ज्या\frac{च}{२}} = २$ इस लिये श्रेढी का योग

२ज्या $\frac{क+अ}{२}$ ज्या $\frac{क-अ}{२}$ = कोज्याअ−कोज्याक = $\int_अ^क$ ज्यायताय यह सिद्ध हुआ ।

इसी श्रेढी में यदि न के स्थान में न + १ का उत्पादन दें तो श्रेढी का योग

$$= \text{चज्या}\left(\text{अ} + \frac{\text{नच}}{\text{२}}\right)\text{ज्या}\frac{\text{न}+\text{१}}{\text{२}}\text{च} - \text{ज्या}\frac{\text{च}}{\text{२}} = \frac{\text{२च}}{\text{ज्या}\frac{\text{च}}{\text{२}}}\text{ज्या}\left(\text{अ} + \frac{\text{क}-\text{अ}}{\text{२}}\right)\text{ज्या}\left[\frac{\text{क}-\text{अ}}{\text{२}} + \frac{\text{च}}{\text{२}}\right]$$

$$= \text{२ज्या}\left(\frac{\text{क}+\text{अ}}{\text{२}}\right)\text{ज्या}\frac{\text{क}-\text{अ}}{\text{२}} = \text{कोज्याअ}-\text{कोज्याक},\ \text{यदि}\ \text{च} = \text{०}$$

इसलिये श्रेढी में यदि एक पद बढ़ भी जाय तौ भी योग वही रहेगा ।

४० । २ प्रक्रम से और ३९ प्रक्रम के उदाहरणों से स्पष्ट होता है कि

$$\int_{\text{अ}}^{\text{क}} \text{फ}(\text{य})\text{ताय}\ \text{यह}\ \text{च}_{\text{१}}\text{फ}(\text{अ}) + \text{च}_{\text{२}}\text{फ}(\text{य}_{\text{१}}) + \cdots + \text{च}_{\text{न}}\text{फ}(\text{य}_{\text{न}-\text{१}})\ \text{इस श्रेढी}$$

के योग तुल्य है यदि श्रेढी में न का मान अनन्त कल्पना किया जाय

जहाँ $\text{च}_{\text{२}} = \text{य}_{\text{१}} - \text{अ}_{\text{१}} = \text{०},\ \text{च}_{\text{३}} = \text{य}_{\text{२}} - \text{य}_{\text{१}}, = \text{०}, \cdots$ और $\text{य}_{\text{न}-\text{१}} = \text{क} - \text{च}_{\text{न}}$

मानो कि अ, क के भीतर फ(य) के जितने मान हैं वे सब उत्तरोत्तर घटते वा बढ़ते हैं और उन में सब से बड़ा आ और सब से छोटा का है तो सब फलों के स्थान में आ और का का उत्थापन देने से आ $(\text{च}_{\text{१}} + \text{च}_{\text{२}} + \text{च}_{\text{३}} + \cdot + \text{च}_{\text{न}})$ यह पहली श्रेढी से बड़ा होगा और का $(\text{च}_{\text{१}} + \text{च}_{\text{२}} + \text{च}_{\text{३}} + \cdots + \text{च}_{\text{न}})$ यह छोटा । परन्तु $\text{च}_{\text{न}} + \text{च}_{\text{२}} + \cdots + \text{च}_{\text{न}} = \text{क} - \text{अ}$ इस लिये ऊपर के श्रेढी का मान आ (क—अ) और का (क—अ) के बीच में होगा ।

इस लिये निश्चय है कि श्रेढी का मान (क—अ)गा इसके तुल्य होगा जहां गा एक ऐसी संख्या है जिसका मान आ और का के बीच में है परंतु फ(य) को घटते वा बढ़ते माना है इस लिये अवश्य कोई य के मान में यह गा के तुल्य होगा । मानो कि $\text{गा} = \text{फ}\{\text{अ} + \text{ष}(\text{क}-\text{अ})\}$ जहां ष कोई रूपाल्प संख्या है ।

इस लिये श्रेढी का योग $= \int_{\text{अ}}^{\text{क}} \text{फ}\ (\text{य})\text{ताय} = (\text{क} - \text{अ})\ \text{फ}\{\text{अ} + \text{प}(\text{क} - \text{अ})\}$

इसी प्रकार फ(य) फा(य)ताय इसमें फ(य) तो पहले ही के ऐसा समझो और वैसाही फा(य) को भी समझो तो पूर्व ही की रीति से

$$\int_{\text{अ}}^{\text{क}} \text{फ}(\text{य})\text{फा}(\text{य})\text{ताय} = \text{च}_{\text{१}}\text{फ}(\text{अ})\text{फा}(\text{अ}) + \text{च}_{\text{२}}\text{फ}(\text{य})\ \text{फा}(\text{य}_{\text{१}}) + \cdots +$$

$$\text{च}_{\text{न}}\text{फ}(\text{य}_{\text{न}-\text{१}})\text{फा}(\text{य}_{\text{न}-\text{१}}).$$

यहां भी पूर्व ही की रीति से सिद्ध कर सकते हो कि यह श्रेढी आ $\{\text{च}_{\text{१}}\text{फा}(\text{अ}) + \text{च}_{\text{२}}\text{फा}(\text{य}_{\text{१}}) + \text{च}_{\text{३}}\text{फा}(\text{य}_{\text{२}}) + \cdots + \text{च}_{\text{न}}\text{फा}(\text{य}_{\text{न}-\text{१}})\}$ इससे छोटी और का $\{\text{च}_{\text{१}}\text{फा}(\text{अ}) + \text{च}_{\text{२}}\text{फा}(\text{य}_{\text{१}}) + \text{च}_{\text{३}}\ \text{फा}(\text{य}_{\text{२}}) + \cdots \text{च}_{\text{न}}\text{फा}(\text{य}_{\text{न}-\text{१}})\}$ इस से बड़ी होगी ।

इस लिये यहां भी मानो कि फ(य) के गा मान में वास्तव श्रेढी का योग = गा { $च_1$फा(अ) + $च_2$फा($य_1$) + $च_3$फा($य_2$) + ⋯ + $च_न$फा($य_{न-1}$) }

$= गा\int_{अ}^{क} फा(य)ताय = फ\{अ + ष(क—अ)\} \int_{अ}^{क} फा(य)\, ताय$

$= \int_{अ}^{क} फ(य)फा(य)ताय$ यह सिद्ध होता है ।

यहां इसका कुछ नियम नहीं कि $\int_{अ}^{क}$फ(य)ताय इसके मान में जो फ { अ + ष(क—अ) } इसमें ष है वही $\int_{अ}^{क}$फ(य)फा(य)ताय इसके मान में भी हो इतना अवश्य नियम है कि ऐसे स्थानों में ष सर्वत्र रूपाल्प संख्या है ।

४१ । सान्तचलानयन से स्पष्ट है कि यदि $\int$फ(य)ताय = फा(य) तो

$$\int_{अ}^{ग} फ(य)ताय = फा(ग)—फा(अ)$$

$$\int_{ग}^{क} फ(य)ताय = फा(क)—फा(ग)$$

इस लिये $\int_{अ}^{ग}$फ (य)ताय + $\int_{ग}^{क}$फ(य) ताय = फा(क)

$$—फा(अ) = \int_{अ}^{क} फ(य)\, ताय, \qquad \cdots\cdots\cdots (१)$$

इसी प्रकार यह भी सिद्ध कर सकते हो कि

$$\int_{अ}^{क} फ(य)ताय = — \int_{क}^{अ} फ(य)\, ताय \qquad \cdots\cdots\cdots (२)$$

यदि $\int$फ(य)ताय इस में य के स्थान में अ—ल इस का उत्थापन दें तो अ—ल = य ∴ अ—य = ल,—ताय = ताल,

इस लिये $\int$फ(अ—य)ताय = —$\int$फ(ल)ताल

और $\int_{अ}^{क}$ (अ—य) ताय = —$\int_{०}^{अ-क}$फ(ल)ताल = $\int_{अ-क}^{०}$ फ(ल)ताल, (२) से

मानो कि $\int$फ(ल)ताल = फा(ल) इस लिये

$$\int_{अ}^{क} फ\,(ल)ताल = फा(क)—फा(अ) = \int^{क} फ(य)ताय$$

$$इस\ लिये \int_{अ}^{क} (अ—य)ताय = \int_{अ-क}^{०} फ(य)ताय \qquad \cdots\cdots\cdots (३)$$

(३) में मानो कि क = ० तो $\int_{अ}^{०}$ फ(अ—य) = $\int_{अ}^{०}$फ(य)ताय

$$इस\ लिये\ (२)\ से \int_{०}^{अ} फ(अ—य)ताय = \int_{०}^{अ} फ(य)ताय \qquad \cdots\cdots (४)$$

इसी प्रकार यदि $य = २अ — र$ तो $ताय = —तार$ और $र = २अ — य$

इस लिये $\int फ(य)\, ताय = — \int फ(२अ — र)\, तार$

और $\int_{अ}^{२अ} फ(य)\, ताय = — \int_{अ}^{०} फ(२अ — र) तार = \int_{०}^{अ} फ(२अ — र) तार$

परन्तु (३) की युक्ति से $\int_{०}^{अ} फ(२अ — र) तार = \int_{०}^{अ} फ(२अ — य) ताय$

इस लिये $\int_{अ}^{२अ} फ(य) ताय = \int_{०}^{अ} फ(२अ — य)\, ताय$

और (१) से $\int_{०}^{२अ} फ(य) ताय = \int_{०}^{अ} फ(य)\, ताय + \int_{अ}^{२अ} फ(य)\, ताय$

इस लिये $\int_{०}^{२अ} फ(य) ताय = \int_{०}^{अ} फ(य) ताय + \int_{०}^{अ} फ(२अ — य)$ $\cdots\cdots$ (५)

(५) वें में यदि य के ० और अ के बीच सब मानों में $फ(य) = फ(२अ — य)$

तो $\int_{०}^{२अ} फ(य)\, ताय = २ \int_{०}^{अ} फ(य)\, ताय$ $\cdots\cdots$ (६)

और यदि य के ० और अ के बीच सब मानों में $—फ(य) = फ(२अ — य)$

तो $\int_{०}^{२अ} फ(य) ताय = ०$ $\cdots\cdots$ (७)

जैसे यदि $फ(य) = ज्या^{म} य$ तो $फ(\pi — य) = ज्या^{म}(\pi — य) = ज्या^{म} य$

त्रिकोणमिति से

$$इस\ लिये \int_{०}^{२अ} फ(य) ताय = \int_{०}^{\pi} फ(य) ताय = २ \int_{०}^{अ} फ(य) ताय$$

$$= २ \int_{०}^{\frac{\pi}{२}} ज्या^{म} य\, ताय = \int_{०}^{\pi} ज्या^{म} य\, ताय \cdots\cdots (६)\ से$$

और जब त्रिकोणमिति से स्पष्ट है कि $कोज्याय = —कोज्या\, (\pi — य)$

इस लिये यदि म विषम संख्या हो और $फ(य) = कोज्या^{म} य$ तो (७) से

सिद्ध कर सकते हो कि $\int_{०}^{२अ} फ(य) ताय \int_{०}^{\pi} कोज्या^{म} य ताय = ०$

(२) प्रक्रम से यदि $\int_{०}^{\pi} ज्या^{म} य ताय$ इसका मान श्रेढी में लावो तो

$च \{ ज्या^{म} च + ज्या^{म} २च + ज्या^{म} ३च + \cdots + ज्या^{म}(न - १)च \}$ ऐसा होगा

जहाँ $नच = \pi$

यहाँ स्पष्ट देख पड़ता है कि $ज्या^{म} च = ज्या^{म}(न - १)च = ज्या^{म}(\pi — च) = ज्या^{म} च$,

$ज्या^{म}२च = ज्या^{म}(न—२)च = ज्या^{म}(\pi—२च) = ज्या^{म}२च$, इसी तरह और भी दिखा सकते हो कि दो दो पद तुल्य आवेंगे इस लिये इस पर से भी सिद्ध कर सकते हो कि $\int_{०}^{\pi} ज्या^{म}यताय = २\int_{०}^{\frac{\pi}{२}} ज्या^{म}यताय$ ।

इसी तरह से यह भी सिद्ध कर सकते हो कि $\int_{०}^{\pi}$ कोज्या^{म}यताय = ०

यदि म विषम हो

यदि अ से क बड़ा हो और य के अ और क के बीच किसी मान में फ(य) सर्वदा धनात्मक हो तो स्पष्ट है कि $\int_{अ}^{क}$फ(य)ताय इसका मान जो (२) प्रक्रम से श्रेढी में आता है उस में प्रत्येक पद धनात्मक ही रहेंगे इस लिये श्रेढी का योग अर्थात् $\int_{अ}^{क}$ फ(य)ताय यह सर्वदा धनात्मक ही होगा ।

४२ । ऊपर के प्रक्रमों में सान्तचल के लिये जो कुछ वर्णन किया गया है वह सब तभी ठीक दिखा सकते हो जब फल अर्थात् जिस का चल ज्ञान करना है, अ और क के वीच स्वतन्त्र राशि के मानों में सान्त हो और यदि अ, और क के बीच किसी स्वतन्त्र राशि के मान में फल अनन्त के तुल्य हो तो ऊपर की विधि से अर्थात् श्रेढी की विधि से सिद्ध होता है कि सान्तचल ज्ञान नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में अवश्य परीक्षा करनी चाहिये ।

जैसे चलानयन से सिद्ध है कि $\int \frac{ताय}{(१—य)^{२}} = \frac{१}{१—य}$ इस लिये

$\int_{०}^{२} \frac{ताय}{(१—य)^{२}} = \frac{१}{१—२} — \frac{१}{१—०} = —१—१ = —२$ यह मान आया

परन्तु $\int_{०}^{२} \frac{ताय}{(१—य)^{२}}$ इस का मान यदि (२) प्रक्रम से श्रेढी में ले आवो

तो $च\left\{\frac{१}{(१—०)^{२}} + \frac{१}{(१—च)^{२}} + \cdots\right\}$ ऐसा होगा ।

इस में स्पष्ट है कि प्रत्येक पद धनात्मक है इस लिये श्रेढी का योग अर्थात् $\int_{०}^{२} \frac{ताय}{(१—य)^{२}}$ यह धनात्मक ही होगा। इस कारण पहले सान्तचलानयन से —२ यह मान सिद्ध हुआ अशुद्ध ठहरा। यहां ० और २ के वीच य का मान १ के तुल्य मानो तो $\frac{१}{१—य^{२}}$ यह अनन्त के तुल्य होता है।

इसी प्रकार $\int_{0}^{अ} \frac{ताय}{\sqrt{१—य}} = २—२\sqrt{१—अ}$ यह सान्तचलानयन से सिद्ध होता है परन्तु यहां यदि य = १ तो $\frac{१}{\sqrt{१—य}}$ यह अनन्त के तुल्य होता है। इस लिये यहां ऐसा कहना पड़ेगा कि $\int_{0}^{अ} \frac{ताय}{\sqrt{१—य}}$ इसका मान सान्त होगा यदि अ $<$ १ हो तो। और अ का मान जैसा जैसा १ के पास होता जायगा तैसा तैसा $\int_{0}^{अ} \frac{ताय}{\sqrt{१—य}}$ यह २ के पास पास आवेगा।

४३। (२) प्रक्रम में $\int_{अ}^{क}$ फ(य)ताय इस के मान में क, और अ दोनों को जो फ(य) के ऐसा सान्त कल्पना किया है वह सर्वदा ठीक नहीं कभी एक कभी दोनों विशेष स्थल में अनन्त के भी समान हो सकते हैं।

जैसे $\int \frac{ताय}{१+य^२} =$ स्प$^{-१}$य इस लिये $\int_{0}^{अ} \frac{ताय}{१+य^२} =$ स्प$^{-१}$अ यहां स्पष्ट है कि ज्यों ज्यों अ का मान बढ़ता जायगा त्यों त्यों स्प$^{-१}$अ का मान $\frac{\pi}{२}$ के पास पास होगा इस लिये यदि अ $= \infty$ तो स्प$^{-१}$अ $= \frac{\pi}{२}$ ऐसा होगा इस लिये $\int_{0}^{\infty} \frac{ताय}{१+य^२} = \frac{\pi}{२}$ यह सिद्ध हुआ।

इसी प्रकार $\int \frac{ताय}{१+य} =$ ला (१ + य)

इस लिये $\int_{0}^{अ} \frac{ताय}{१+य} =$ ला (१ + अ) यहां भी स्पष्ट है कि ज्यों ज्यों अ का मान बढ़ेगा त्यों त्यों ला (१ + अ) का भी मान बढ़ेगा इस लिये यदि अ $= \infty$ तो ला (१ + अ) $= \infty \therefore \int_{0}^{\infty} \frac{ताय}{१+य} = \infty$ यह सिद्ध होता है।

४४। कल्पना करो कि फ(य) का मान अनन्त होता है यदि य = ग जहां ग, अ और क के बीच में है तो (४२) प्रक्रम से स्पष्ट है कि यहां $\int_{अ}^{क}$ फ(य) ताय इसका मान साधारण सान्त चलानयन से ठीक नहीं

आवेगा इस लिये पहले यहां $\int_{अ}^{ग-इ_१}$ फ(य)ताय + $\int_{ग+इ_१}^{क}$ फ(य) ताय

इस का मान ले आवो इस में $इ_१$ का मान शून्य मानने से (४१) प्रक्रम के (१) समीकरण से

$$\int_{अ}^{क} फ(य)ताय = \int_{अ}^{ग-इ_१} फ(य)ताय + \int_{ग+इ_१}^{क} फ(य)ताय$$

यह सिद्ध हो जायगा ।

जैसे यदि $फ(य) = \frac{१}{ग-य}$ तो $\int फ(य)ताय = -$ ला $(ग-य)$

इस लिये $\int_{अ}^{ग-इ_१} फ(य)ताय = -ला \{ ग-(ग-इ_१) \}$

$$- \{ -ला\,(ग-अ) \} = ला \frac{ग-अ}{इ_१}$$

इसी तरह $\int_{ग+इ_१}^{क} फ(य)ताय = \int_{ग+इ_१}^{क} \frac{ताय}{ग-य} = -\int_{ग+इ_१}^{क} \frac{ताय}{य-ग}$

$= -\int ला\frac{क-ग}{इ_१}$ इस लिये दोनों का योग = ला $\frac{ग-अ}{इ_१}$ — ला $\frac{क-ग}{इ_१}$

$= ला\frac{ग-अ}{क-ग} = \int_{अ}^{क} \frac{ताय}{ग-य}$ क्योंकि यहाँ $इ_१ = ०$ मानने से भी ला$\frac{ग-अ}{क-ग}$

में कुछ विकार न होगा ।

ऐसे मान को क्यासी (Cauchy) साहब ने $\int_{अ}^{क}$फ(य)ताय इसका मुख्य मान यह नाम रखा है ।

४५ । $\int \frac{ताय}{अ^२+य^२}$ इस का मान सिद्ध है कि $\frac{१}{अ}$ स्प$^{-१}\frac{य}{अ}$ यह होगा

इस लिये $\int$ यहां यदि य = स्पष तो ताय = छे^{२}षताष तब

$$\int \frac{ताय}{अ^२+य^२} = \int \frac{छे^२षताष}{अ^२+स्प^२ष} = \frac{१}{अ} स्प^{-१}\left[\frac{स्पष}{अ}\right]$$

यहां यदि ष = ० और π हो तो $\int_{0}^{\pi} \frac{छे^२षताष}{अ^२+स्प^२ष}$ इस का मान

$$\frac{१}{अ} स्प^{-१}\left(\frac{स्प\pi}{अ}\right) - \frac{१}{अ} स्प^{-१}\left(\frac{स्प०}{अ}\right) = स्प^{-१}(०) - स्प^{-१}(०)$$

देखो यहाँ दोनों खण्डों का रूप एक ही है इस लिये बहुधा भ्रान्ति से जो लोग कि सान्तचलानयन में निपुण नहीं हैं दोनों मानों को समान मान उत्तर शून्य के तुल्य कहेंगे जो कि वास्तव में अशुद्ध है क्योंकि यदि सान्तचल का रूप (२) प्रक्रम से श्रेढ़ी में ले आवो तो

$$\frac{च}{अ^२} + \frac{चछे^२च}{अ^२ + स्प^२च} + \frac{चछे^२२च}{अ^२ + स्प^२२च} + \cdots \frac{चछे^२(न-१)च}{अ^२ + स्प^२(न-१)च}$$

